जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक :जीविवि / दीक्षांत / 2021 / 02 दिनांक 09 / 07 / 2021

/ / संशोधित अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है, कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह निकट भविष्य में सम्पन्न होने जा रहा है। इस समारोह में मानद् उपाधि, डीएससी, डी.लिट. पीएचडी, एम.फिल, तथा स्नातकोत्तर के अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान की जावेगी। सभी अभ्यर्थियों से आग्रह है कि, वे समारोह में उपस्थित होकर अपनी उपाधियॉ प्राप्त करे। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सत्र 2018–19 एंव 2019–20 में विभिन्न परीक्षाएँ उत्तीर्ण की है। वे उपाधि प्राप्त करने हेतु दिनांक **17 अगस्त , 2021** तक पंजीयन शुल्क रू. 500 / – का डिमांड ड्राफ्ट जो कि **"कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्याालय, ग्वालियर"** के नाम से देय हो, के माध्यम से उक्त पंजीयन शुल्क जमा कर, विश्वविद्याालय की उपाधि शाखा में अपना पंजीयन करा सकते हैं। पी.एच.डी, डी.एस.सी. डीलिट. एम.फिल. उपाधि धारकों हेतु पंजीयन शुल्क रूपये 500 / – के साथ उपाधि शुल्क रूपयें 500 / – कुल रूपये 1,000 / – जमा करना है।

आवेदक मांग पत्र (डिमांड ड्राफ्ट) के अलावा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा सिटी सेन्टर, ग्वालियर के **खाता क्र0 35574752662 IFSC Code SBIN0004352 में CASH/NEFT/IMPS** के माध्यम से ऑनलाईन शुल्क जमा कर सकते है। आवेदक अपने साथ शुल्क जमा की रसीद / प्रमाण–पत्र अनिवार्य रुप से साथ लेकर आवें।

समस्त उपाधि धारको को आवेदन के साथ एक रंगीन पासपोर्ट फोटो, अंतिम वर्ष की अंकसूची की फोटोकॉपी एवं पी.एच.डी, डी.एस.सी, डी.लिट, उपाधि धारको को नोटिफिकेशन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। ऐसे छात्र जो सत्र 2018–19 के प्रस्तावित दिक्षांत समारोह हेतु पूर्व में आवेदन कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं।

विस्तृत विवरण एवं प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.jiwaji.edu** पर उपलब्ध है।

कुलसचिव

प्रति,

1. समस्त पात्र अभ्यार्थी जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
2. माननीय प्रमुख सचिव राजभवन म.प्र. भोपाल।
3. माननीय प्रमुख सचिव उच्चशिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल।
4. माननीय जिला न्यायाधीष जिला ग्वालियर।
5. माननीय पुलिस अधिक्षक जिला ग्वालियर।
6. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
9. श्री संजय बरथरिया, की ओर इस निर्देश के साथ कि वे उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर आज दिनांक .... को अपलोड करें।
10. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र.. की ओर इस निवेदन के साथ कि उपरोक्त तत् सूचना अपने लोकप्रीय समाचार पत्र में न्यून्तम साइज में विज्ञप्ति के रूप में प्रकाषित कर देयक भुगतान हेतु इस कार्यालाय की ओर प्रेषित करने का कष्ट करें।

उप–कुलसचिव(अकादमी)